# MP BOARD CLASS 11 PAPER 2016

# पुस्तपालन एवं लेखाकर्म (बहीखाता) : कक्षा XI

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए—** $1 \times 5 = 5$

**(अ) व्यवहारों को तुरन्त जिस बही में लिखा जाता है उसे कहते हैं—**

(i) रोकड़ बही (ii) रोजमेल

(iii) बन्द बही (iv) खुदरा नकल बही।

**(ब) उधार विक्रय की राशि की गणना की जाती है—**

(i) कुल लेनदार खाता (ii) कुल देनदार खाता

(iii) प्राप्य विपत्र खाता (iv) वास्तविक एवं नाममात्र के खाते।

**(स) वर्ष में चन्दे की अग्रिम राशि प्राप्त हुई कहलाती है—**

(i) आय (ii) व्यय

(iii) दायित्व (iv) सम्पत्ति।

**(द) आहरण को घटाया जाता है—**

(i) विक्रय में से (ii) क्रय में से

(iii) बाह्य वापसी में से (iv) पूँजी में से।

**(इ) तलपट है—**

(i) वास्तविक खाता (ii) नाममात्र का खाता

(iii) शेषों की सूची (विवरण) (iv) व्यक्तिगत खाता।

**उत्तर**—(अ) (iii), (ब) (ii), (स) (iii), (द) (iv), (इ) (iii)।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—** $1 \times 5 = 5$

(अ) बहीखाता सभी ………… व्यवहारों का विधिवत लेखा है।

(ब) द्विपक्षीय अशुद्धियाँ …………… को प्रभावित नहीं करतीं।

(स) मूल्य ह्रास को लाभ-हानि खाते में ……… किया जाता है।

(द) गैर-व्यापारिक संस्थाओं का प्रमुख उद्देश्य ……… होता है।

(इ) वर्ष के अन्त में पूँजी की वृद्धि ………… दर्शाती है।

**उत्तर**—(अ) व्यावसायिक मौद्रिक, (ब) तलपट, (स) डेबिट पक्ष में, (द) समाज की सेवा करना, (इ) लाभ।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 3. सत्य/असत्य बताइए—** $1 \times 5 = 5$

(अ) लेखा विधि के सिद्धान्त सर्वमान्य नहीं हैं।

(ब) तलपट को एक निश्चित तिथि पर बनाया जाता है।

(स) स्टेशनरी का अन्तिम रहतिया व्यापार खाते में जमा किया जाता है।

(द) प्राप्ति-भुगतान खाते में समायोजन नहीं किये जाते हैं।

(इ) इकहरा लेखा पद्धति में तलपट नहीं बनाया जा सकता है।

**उत्तर**—(अ) असत्य, (ब) सत्य, (स) असत्य, (द) सत्य, (इ) सत्य।

**प्रश्न 4. सही जोड़ियाँ बनाइए—** $1 \times 5 = 5$

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| (अ) व्यापारिक खाता | (i) डेबिट |
| (ब) अन्तिम रोकड़ शेष | (ii) सकल लाभ |
| (स) आय-व्यय खाता | (iii) रोकड़ बही |
| (द) समायोजन | (iv) नाममात्र का खाता |
| (इ) व्यय वृद्धि | (v) अतिरिक्त सूचनाएँ |

**उत्तर**—(अ) → (ii), (ब) → (iii), (स) → (iv), (द) → (v), (इ) → (i)।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

प्रश्न 5. एक शब्द में उत्तर दीजिए— 1 × 5 = 5

(अ) सम्पत्तियों का उधार क्रय का लेखा किस बही में किया जाता है ?
(ब) मार्गस्थ माल को चिट्ठे के किस ओर दर्शाया जाता है ?
(स) जर्नल के प्रारूप में कितने स्तम्भ होते हैं ?
(द) विक्रय खाते का शेष रहता है।
(इ) उदरत खाता किस प्रवृत्ति का खाता है ?

उत्तर—(अ) मुख्य जर्नल, (ब) सम्पत्ति पक्ष, (स) पाँच, (द) क्रेडिट, (इ) व्यक्तिगत/ अस्थायी।

प्रश्न 6. समायोजन के कोई दो उद्देश्य लिखिए। 2

*अथवा*

उपार्जित आय किसे कहते हैं ?

प्रश्न 7. पेशेवर व्यक्ति किसे कहते हैं ? दो उदाहरण दीजिए। 2

*अथवा*

गैर-व्यापारिक संस्थाओं की आय के प्रमुख स्रोतों के नाम लिखिए।

प्रश्न 8. प्राप्ति-भुगतान खाता एवं रोकड़-बही में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

*अथवा*

प्राप्ति-भुगतान खाते के दोष बताइए।

प्रश्न 9. आय-व्यय खाते और प्राप्ति-भुगतान खाते में अन्तर बताइए। 2

*अथवा*

आय-व्यय और लाभ-हानि खाते में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 10. इकहरी लेखा प्रणाली की विशेषताएँ लिखिए। (कोई दो) 2

*अथवा*

दोहरी लेखा प्रणाली एवं इकहरी लेखा प्रणाली में अन्तर बताइए। (कोई दो)

प्रश्न 11. व्यापारिक बट्टा और नकद बट्टा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 4

*अथवा*

लेखांकन की शाखाओं पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

प्रश्न 12. लेखांकन के परिवर्तनीय सिद्धान्तों से क्या आशय है ? 4

*अथवा*

लेखांकन प्रमापों की प्रकृति को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 13. प्रमाणकों के प्रकार या भेद बताइए। 4

*अथवा*

निम्नलिखित व्यवहारों का सम्पत्ति, दायित्व तथा पूँजी पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? लेखांकन समीकरण का उपयोग करते हुए तालिका (Table) में दर्शाइए—

| | रु. |
|---|---|
| (1) रोकड़ से व्यापार शुरू किया | 80,000 |
| (2) वेतन चुकाया | 2,000 |
| (3) उपार्जित ब्याज | 3,000 |
| (4) कमीशन अग्रिम प्राप्त हुआ (अनुपार्जित) | 4,000 |

प्रश्न 14. नकल-बही रखने के चार उद्देश्य लिखिए। 4

*अथवा*

निम्नांकित व्यवहारों को निशित की दैनिक पंजी (जर्नल) में लिखिए—

जनवरी 1 व्यापार प्रारम्भ किया : माल 2,000 रु., नकद 3,000 रु.।
जनवरी 5 श्री राम से 10% व्यापारिक छूट तथा 5% रोकड़ छूट पर धनादेश (चैक) द्वारा 2,000 रु. का माल क्रय किया।
जनवरी 10 श्रीकृष्ण को 5% व्यापारिक छूट पर 1,600 रु. का माल विक्रय किया, जिसके पूर्ण भुगतान में 20 रु. रोकड़ छूट देने के बाद धनादेश (चैक) प्राप्त हुआ।
जनवरी 20 निजी प्रयोग के लिए निकाले : माल 100 रु., नकदी 200 रु., बैंक से

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 15.** खाताबही के कोई चार महत्व/लाभ लिखिए। 4

*अथवा*

निम्नलिखित व्यवहारों से क्रय खाता बनाइए व उसे अन्त में बन्द कीजिए—

| **मार्च 2013** | | रु. |
|---|---|---|
| मार्च 5 | नकद माल क्रय किया | 15,000 |
| मार्च 8 | नकद माल बेचा | 9,000 |
| मार्च 10 | रमेश से माल खरीदा | 6,600 |
| मार्च 15 | माल का आहरण किया | 4,300 |
| मार्च 18 | माल दान में दिया | 800 |
| मार्च 25 | माल अग्नि से नष्ट हुआ | 1,200 |
| मार्च 31 | नकद माल क्रय किया | 3,000 |

**प्रश्न 16.** चिट्ठा और लाभ-हानि खाते में अन्तर लिखिए। 4

*अथवा*

निम्नलिखित श्री अजय कुमार की सम्पत्तियाँ और दायित्व हैं। इससे तरलता के अनुसार चिट्ठा बनाइए—

**सम्पत्तियाँ**—व्यापारिक भवन 10,000 रु.; संयन्त्र एवं मशीन 3,900 रु.; देनदार 2,200 रु.; अन्तिम रहतिया 2,400 रु.; फर्नीचर 150 रु. और आहरण 191 रु.।

**दायित्व**—पूँजी 15,250 रु.; ऋण 500 रु.; शुद्ध लाभ 1,811 रु. और लेनदार 1,280 रु.।

**प्रश्न 17.** इकहरी लेखा प्रणाली के दोष बताइए। (कोई चार) 4

*अथवा*

श्री दास अपूर्ण लेखा पद्धति से अपना हिसाब रखते हैं। इनके द्वारा निम्न सूचनाएँ उपलब्ध करायी गई हैं। इनसे आप श्री दास के लाभालाभ की गणना कीजिए—

| | |
|---|---|
| पूँजी (1 अप्रैल, 2012) | 70,000 रु. |
| पूँजी (31 मार्च, 2013) | 80,000 रु. |
| वर्ष के दौरान आहरण पूँजी में वृद्धि | 12,000 रु. |
| पूँजी में वृद्धि | 10,000 रु. |

**प्रश्न 18.** रोकड़ बही के लाभ बताइए। (कोई पाँच) 5

*अथवा*

निम्नलिखित व्यवहारों को मैसर्स कुमार एण्ड सन्स की त्रि-स्तम्भीय बही में लिखिए—

| 2014 | |
|---|---|
| मार्च 1 | रोकड़ शेष 5,000 रु., बैंक अधिविकर्ष 7,000 रु. |
| मार्च 2 | बसन्त से 990 रु. नकद प्राप्त हुए और 10 रु. बट्टा दिया |
| मार्च 7 | चौहान को नकदी माल बेचा 500 रु. |
| मार्च 10 | राजमल से चैक मिला 720 रु.; बट्टा दिया 30 रु. |
| मार्च 11 | उक्त चैक बैंक में जमा कराया। |
| मार्च 16 | निजी व्यय के लिए बैंक से निकाले 1,000 रु. |

**प्रश्न 19.** बैंक समाधान विवरण के लाभ लिखिए। (कोई पाँच) 5

*अथवा*

निम्नलिखित विवरण से 30 अप्रैल, 2014 को बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए—

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

(a) रोकड़ पुस्तक के अनुसार उस तिथि को बैंक शेष 13,000 रु.
(b) 1,900 रु. के चैक संग्रह हेतु जमा किए गए, किन्तु बैंक द्वारा संग्रह नहीं किया गया।
(c) 3,200 रु. के चैक निर्गमित किये गये, किन्तु भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए थे।
(d) बैंक द्वारा दिया गया ब्याज 300 रु.
(e) बैंक व्यय 100 रु.
(f) एक ग्राहक द्वारा बैंक को किया गया सीधा भुगतान 3,000 रु.।

**प्रश्न 20.** विनिमय विपत्र के प्रकार बताइए। **5**

***अथवा***

विश्वनाथ रामनाथ को 14,000 रु. का माल बेचता है और इस रकम का चार माह की अवधि का विपत्र लिखता है, जिसे रामनाथ स्वीकार करता है। विश्वनाथ इसे बैंक से भुना लेता है और 70 रु. बट्टा देता है। देय तिथि के पूर्व रामनाथ दिवालिया हो जाता है और उसकी सम्पत्ति से 1 रु. में 50 पैसे उसके ऋण पर चुकाये जाते हैं।

उपर्युक्त व्यवहारों को विश्वनाथ और रामनाथ की पुस्तकों में लिखिए।

**प्रश्न 21.** मूल्य ह्रास एवं अप्रचलन में अन्तर बताइए। **5**

***अथवा***

ओसवाल स्टील कम्पनी ने 1 अप्रैल, 2012 को 20,000 रु. में एक संयन्त्र खरीदा, 1 अप्रैल, 2013 को 8,000 रु. में एक दूसरा संयन्त्र क्रय किया, जिसे लगाने का व्यय 400 रु. हुआ।

1 अक्टूबर, 2014 को तीसरा संयन्त्र 6,000 रु. में क्रय किया गया तथा 10,000 में चौथा संयन्त्र 30 जून, 2015 को क्रय किया गया।

5% प्रतिवर्ष की दर से स्थायी किश्त पद्धति द्वारा मूल्य ह्रास अपलिखित करते हुए चार वर्षों का संयन्त्र खाता बनाइए।

**प्रश्न 22.** संदिग्ध ऋण आयोजन बनाने के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ? (कोई पाँच) 5

***अथवा***

सामान्य संचय एवं विशेष संचय में अन्तर लिखो। (कोई पाँच)

**प्रश्न 23.** तलपट बनाने के उद्देश्य क्या हैं ? (कोई पाँच) 6

***अथवा***

निम्नांकित शेष राम ट्रेडर्स की पुस्तकों से लिए गए हैं। आप इनसे 31 मार्च, 2013 को तलपट बनाइए—

रोकड़ हस्ते 2,450 रु., पूँजी 20,000 रु., वेतन 2,000 रु., देय विपत्र 1,600 रु., प्रारम्भिक स्कन्ध 16,000 रु., ऋणदाता 5,000 रु., ऋणी 23,000 रु., अप्राप्य ऋण संचय 500 रु., प्राप्य विपत्र 500 रु., प्राप्त कमीशन 3,000 रु., मजदूरी 850 रु., क्रय 10,500 रु., विक्रय 25,000 रु., क्रय वापसी 200 रु., अन्तिम स्कन्ध 8,000 रु.।

**प्रश्न 24.** भारतीय प्रणाली की बहियों की विशेषताएँ लिखिए। (कोई छः) 6

***अथवा***

श्री शंकरलाल हीरालाल ने कार्तिक शुक्ल 15, संवत् 2068, मंगलवार, दिनांक 19 नवम्बर, 2012 को 10,000 रु. की पूँजी से व्यापार प्रारम्भ किया। उनके रोकड़ी लेन-देन निम्न प्रकार हैं—

दो बोरे चावल—प्रति बोरा 40 किलो, प्रति किलोग्राम 20 रु. के भाव से बेचे।
श्री रमेशचन्द्र से 575 रु. नकद प्राप्त हुए, बट्टा 5 रु.।
3 बोरे गेहूँ प्रति बोरा 80 किलोग्राम 1,200 रु. प्रति क्विंटल के भाव से बेचे।
किराया 250 रु., स्टेशनरी 50 रु. एवं छपाई व्यय 40 रु. चुकाया।
बड़ौदा बैंक में 500 रु. हरीश द्वारा जमा कराये गये।
उपर्युक्त लेन-देनों को श्री शंकरलाल हीरालाल की कच्ची रोकड़ बही में लिखिए।

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com